वारदात | राह चलती महिलाएं सुरक्षित नहीं, पांच वारदातें, एक भी आरोपी नहीं पकड़ पाई पुलिस

कान कतरू लुटेरी गैंग नोंच रही महिलाओं के कान

नवभारत, जबलपुर। शहर की सड़कों पर अब महिलाएं सुरक्षित नहीं रह गई हैं। राह चलती महिलाओं को कान कतरू गैंग टारगेट कर रही। बाइक, स्कूटी में बैठकर जा रही महिलाओं को निशाना बनाने वाली गैंग क्रूर और बेखौफ कान कतरू गैंग शहर में सक्रिय है। यह गैंग केवल सोने के गहने नहीं लूट रही, बल्कि महिलाओं की जान से भी सरेआम खिलवाड़ कर रही है। पिछले महज 5 दिनों के भीतर शहर के अलग-अलग इलाकों में ऐसी पांच खौफनाक वारदातें सामने आ चुकी हैं।

टूव्हीलर में सवार ये लुटेरे चलती गाड़ी पर बैठी महिलाओं के कानों से सोने के झुमकें, जेवर इतनी बेरहमी से नोंचते हैं कि महिलाओं के कान के चीथड़े उड़ जाते हैं। इस अचानक लगे झटके के कारण पीड़ित महिलाएं चलती बाइक से नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो रही हैं। पुलिस भी एफआईआर दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही हैं लेकिन गैंग का अब तक कोई सुराग नहीं लगा रहा है। अब तक बेबस पुलिस एक भी लुटेरे को नहीं पकड़ पाई हैं। आरोपियों का सुराग लगाने में पुलिस की हाईटेक क्राइम ब्रांच, थाना पुलिस, साइबर सेल और

सड़कों पर घूमने वाली चीता मोबाइल की टीमें नाकाम साबित हो रही हैं। सीसीटीवी कैमरों को खंगालने का दावा भी अब तक बेअसर नजर आ रहा है । ऐसी वारदातें हर दिन होने लगी है मगर पुलिस के पास अपराधियों का न कोई चेहरा है, न कोई सुराग और न ही उनकी वाहन का नंबर है।

खूनी खेल, दहशत में परिवार

इस गैंग के निशाने पर मुख्य रूप से वह महिलाएं हैं जो अपने परिवार के साथ बाइक, स्कूटी पर पीछे बैठी होती हैं। बदमाश पीछे से तेज रफ्तार टूव्हीलर पर आते हैं और पलक झपकते ही कान पर झपट्टा मारकर गहने खींच लेते हैं। बदमाशों की इस बर्बरता के कारण घायल महिलाओं को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा है। इस खूनी खेल से शहर की महिलाओं और उनके परिवारों में भारी दहशत का माहौल है। अब महिलाएं सड़कों पर निकलने में भी डरने लगी हैं।

केस 1- 25 जून को सविता चौधरी 38 वर्ष निवासी रांझी 24 जून को पति गणेश चौधरी के साथ बाइक में जा रही थी शाम 5 .30 बजे माढ़ोताल थाना क्षेत्र में तीन अज्ञात लड़के बाइक से आये और बीच में बैठे लडके ने उके दाहिने कान का सोने का झुमका बजनी 3 .5 ग्राम कीमती लगभग 50 हजार रुपए का छपटकर खीच लिया जिससे उसका कान फट गया था।

केस 2- 24 जून को आरती रजक 28 वर्ष निवासी संजय नगर अधारताल की पति शैलेन्द्र के साथ मोटर सायकल में जा रही थी। शाम लगभग 7-30 बजे अधारताल थाना अंतर्गत महाराजपुर के पास बाइक से दो अज्ञात लडक़े आये और बलपूर्वक उसके कान से उसकी सोने की झुमकी छीनकर भाग गये, झुमकी छीनने से उसका दाहिना कान फट गया।

केस 3- 21 जून को रेखा बेन 40 वर्ष निवासी बेलबाग को पनागर थाना अंतर्गत उमरिया चौबे के आगे 2 अज्ञात व्यक्ति बिना नम्बर की स्कूटी से आये लुटेरां ने रास्ता पूछा। स्कूटी में पीछे बैठे व्यक्ति ने झपटा मारते हुये वायें कान की सोने की झुमकी कीमती लगभग 20 हजार रूपये छीनकर भाग गये।

केस 4- बरगी थाने में 26 जून को बृजेश साहू 32 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बाइक में पत्नी दुर्गा साहू, बच्चे यश एंव केशव को बैठाकर जा रहा था। दोपहर 12 .15 बजे एनएच 34 रोड पर बिना नंबर की मोटर साईकल में 3 लडके आये एवं पत्नी के बाये कान मे पहनी सोने की झुमकी लूट लिये, । पत्नी की बाये कान की झुमकी खींचते समय पत्नी के बाये कान में चोट आई थी।

केस 5- 27 जून को पनागर थाना अंतर्गत प्रेम सिटी कॉलोनी गेट के सामने शाम 6 :45 बजे बाइक सवार दो शातिर बदमाशों ने अधारताल निवासी 63 वर्षीय ममता बर्मन को अपना निशाना बनाया। चलती गाड़ी से महिला के कान की सोने की झुमकी झपट ली। महिला का कान गंभीर रूप से फट गया और वे लहूलुहान हो गईं ।

प्रकरण दर्ज, हाथ खाली गश्त पर उठते सवाल

लगातार हो रही इन वारदातों के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप तो मचा है, लेकिन जमीनी स्तर पर कार्रवाई सिफर नजर आ रही है। पुलिस ने मामलों में अज्ञात लुटेरों के खिलाफ लूट और जान जोखिम में डालने की धाराओं के तहत प्रकरण तो दर्ज कर लिया है, लेकिन अब तक आरोपियों का कोई सुराग पुलिस के हाथ नहीं लगा है। न तो लुटेरों की बाइक का नंबर ट्रेस हो पाया है और न ही पुलिस का मुखबिर तंत्र एक्टिव नजर आ रहा है। व्यस्त और मुख्य रास्तों पर हो रही इन वारदातों ने सुरक्षा दावों की पोल खोल दी है। पुलिस की चेकिंग और गश्त केवल कागजों तक सीमित नजर आने लगी है, जिसके चलते अपराधियों के हौसले सातवें आसमान पर हैं।

गैंग के सदस्यों की 25 से 30 वर्ष है उम्र

अब तक हुई वारदातें में यह बात सामने आई कि अधिकांश में लुटेरे मुंह में गमछा बांधकर पहुंचे थे। जिसकी उम्र लगभग 25 से 30 वर्ष के बीच होगी। उनके वाहनों में कोई नंबर प्लेट नहीं थी। यदि पुलिस ने जल्द ही इस क्रूर गैंग को सलाखों के पीछे नहीं भेजा, तो शहर में कोई भी बड़ी अनहोनी हो सकती है।

सम्मेलन में 11 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

▸ सामूहिक विवाह सम्मेलन में दिया सामाजिक एकता का संदेश

नवभारत, जबलपुर। मेहरा समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय मानस भवन में राष्ट्रीय स्तर पर सामूहिक आदर्श विवाह सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। सम्मेलन में समाज के 11 जोड़े वैदिक रीति-रिवाजों के साथ परिणय सूत्र में बंधे। खेरमाई मंदिर परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सात फेरे लेकर नवदंपतियों ने अपने नए जीवन की शुरुआत की।

सम्मेलन में जबलपुर के साथ बैतूल, मैहर, मंडला, नरसिंहपुर, कटनी सहित विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में समाजजन तथा वर-वधू पक्ष के परिजन शामिल हुए।

युवाओं का सम्मान

कार्यक्रम में विवाह संस्कार के साथ-साथ खेल, शिक्षा, समाजसेवा एवं अन्य क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियां हासिल करने वाले समाज के प्रतिभाशाली युवाओं का सम्मान भी किया गया। अतिथियों ने सामूहिक विवाह की परंपरा को सामाजिक समरसता और आर्थिक सादगी का सशक्त माध्यम बताते हुए इसकी सराहना की। इस अवसर पर समाज के प्रबुद्ध वक्ताओं ने शिक्षा, रोजगार, सामाजिक विकास और युवा पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य पर अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज को संगठित होकर प्रगति के मार्ग पर आगे बढ़ने का आह्वान किया।

ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम को सफल बनाने में मेहरा समाज ट्रस्ट के संस्थापक सदस्य रामदीन पठारिया, राष्ट्रीय सचिव एवं कार्यक्रम संयोजक इंजीनियर भूपेंद्र मेहरा, अमित मेहरा, इंजीनियर डी.सी. खंडेलकर, एडवोकेट कंचन सिंह मेहरा, जमना प्रसाद मेहरा और हरि मेहरा की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आयोजन में इंजीनियर देवा झारिया, राकेश झारिया, सूरज झारिया, सुनील झारिया, अजय झारिया, अंकित झारिया, दशरथ प्रसाद बामने, प्रभा देवी खंडेलकर, इंजीनियर हिमानी खंडेलकर सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी, युवा और मातृशक्ति उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपतियों को शुभाशीष प्रदान करते हुए उनके सुखद एवं सफल वैवाहिक जीवन की कामना की।

पेड़ की डाल में फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

▸ हत्या, आत्महत्या एंगल पर छानबीन

नवभारत, जबलपुर। कुंडम थाना अंतर्गत तिलसानी में रविवार सुबह सागौन के पेड की डाल में रस्सी से फांसीके फंदे पर एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला ।पुलिस हत्या, आत्महत्या एंगल पर तफ्तीश कर रही है ।

पुलिस के मुताबिक मानसिंह परस्ते 45 वर्ष निवासी ग्राम तिलसानी ने सूचना दी कि वह खेती किसानी करता है। उसका बेटा शंकर सिंह परस्ते 20 वर्ष बीती रात 10 बजे घर पर था, जब उसके माता पिता एवं पत्नि सो गये थे। रविवार सुबह 6 लगभग 5 बजे देखा तो लडका घर पर नहीं था जो उसका मोबाईल भी अपने साथ ले गये था। सुबह गॉव के बाहर गया तो देखा कि बालाजी प्लांट के पीछे सागौन के पेड की डाल में रस्सी से फांसी लगाकर लटका था जिसकी मौत हो गयी है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच शुय कर दी है।

सर्पदंश से युवक की मौत

बरेला थाना अंतर्गत दुर्गानगर भटोली में सर्पदंश से युवक की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार को राजा बर्मन 25 वर्ष निवासी दुर्गानगर भटोली थाना ग्वारीघाट ने सूचना दी कि उसके रिश्ते के पंजी बर्मन 46 वर्ष निवासी ग्राम बारहा थाना बरेला को शनिवार शाम लगभग 5-30 बजे सर्प के काटने से उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज लेकर आये थे जहां डाक्टर ने चैक कर पंजी बर्मन को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना पर पहुंचकर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

जहरीले जीव ने काटा, वृद्धा की मौत

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत भड़पुरा में जहरीले जीव के काटने से रविवार को वृद्धा की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक रविवार शाम शंकर पटेल 32 वर्ष निवासी भड़पुरा ने सूचना दी कि कल सुबह लगभग 10 बजे उसकी मॉ मुन्नी बाई घर की बाड़ी में चारा काट रही थी किसी जहरीली जीव द्वारा दाहिने हाथ के छिंगली में काट दिया था मॉ का उपचार अस्पताल में ले गए थे जहां इलाज के बाद घर ले आये थे रात मॉ को उल्टी दस्त होने से रविवार सुबह लगभग 11 बजे मॉ को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराये दौरान उपचार के दोपहर लगभग 1-30 बजे मॉ मुन्नी बाई पटेल 65 वर्ष की मौत हो गयी है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

अवैध रेत परिवहन करते ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त, गोटेगांव का आरोपी गिरफ्तार

नवभारत,जबलपुर। चरगवां पुलिस ने हनुमान मंदिर के सामने घेराबंदी कर अवैध रेत से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया है और मौके से गोटेगांव निवासी एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

चरगवां थाना प्रभारी सरोजनी चौकसे ने बताया कि सूचना मिली थी कि मुरकटिया घाट में अवैध रेत का उत्खनन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही अहमदपुर हनुमान मंदिर के सामने दबिश दी। इसी दौरान गोटेगांव की तरफ से चरगवां की ओर आ रहा एक आयशर ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 49 ए 6716 पुलिस को आता दिखाई दिया। पुलिस टीम ने तुरंत घेराबंदी की और ट्रैक्टर को रोक लिया। जब ट्रैक्टर की ट्रॉली की तलाशी ली गई, तो वह अवैध रूप से उत्खनन की गई रेत से पूरी तरह लदी हुई पाई गई। पुलिस ने जब ट्रैक्टर चालक

धीरेंद्र पिपरोलिया (25), निवासी ग्राम नोनी करेली, थाना गोटेगांव, जिला नरसिंहपुर के हिरासत में ले पूछताछ की रेत के परिवहन से जुड़े वैध दस्तावेज मांगने पर आरोपी कोई भी कागजात पेश नहीं कर सका। पूछताछ करने पर आरोपी ने कबूल किया कि वह अपने पिता के आयशर ट्रैक्टर में नोनी करेली से रेत चोरी कर उसे चरगवां ग्राम में ऊंचे दामों पर बेचने के लिए ला रहा था। आरोपी द्वारा अवैध रूप से रेत की चोरी और बिना अनुमति परिवहन किए जाने पर पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली मय रेत को मौके पर ही जब्त कर लिया।

कजौरी फिल्म्स प्रोडक्शन का उद्घाटन

नवभारत, जबलपुर। शहर में कजौरी फिल्म्स प्रोडक्शन हाउस का भव्य उद्घाटन हुआ है, जिसके तहत शॉर्ट फिल्म्स, म्यूजिक वीडियोस, वेब सीरीज और फीचर फिल्म्स जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स पर काम किया जाएगा। इस मौके पर प्रोडक्शन हाउस की कर्ता-धर्ता सारा सेठ ने बताया कि उनका सबसे मुख्य प्रोजेक्ट 'इन्फर्नो रनवे' है, जो फैशन डिजाइनर्स के लिए एक इंटरनेशनल रियलिटी शो है। अफ्रीका में दो सफल सीजन के बाद अब इसके तीसरे सीजन की शूटिंग की तैयारी चल रही है। सारा सेठ के पास भारत में इसके पहले सीजन के राइट्स हैं, जिसके लिए वे जबलपुर से ब्रांड पार्टनर्स और प्रेजेंटर्स की तलाश कर रही हैं। इस शो को लेकर जियो हॉटस्टार और जी जैसे देश के बड़े ओटीटी प्लेटफॉर्म्स से भी बातचीत चल रही है। उन्होंने स्थानीय कलाकारों और मनोरंजन जगत से जुड़ने के इच्छुक लोगों को अपने ऑफिस आकर इस सफर का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित किया है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रत्नेश सोनकर और विशिष्ट अतिथि रिंकू विज़, विनय सक्सैना, रंजीत पटेल, बतुल अली व राहुल सक्सैना शामिल हुए, जबकि इन्फर्नो रनवे की निदेशक सारा सेठ, मेट्रो फैशन राहुल जैन और फोटोग्राफर सिद्धार्थ भी वहां मौजूद रहे।

साइबर ठगी के पैतरों से नागरिकों को किया जागरूक

नवभारत, जबलपुर। आम नागरिकों को बढ़ते साइबर अपराधों एवं ऑनलाइन धोखाधड़ी के नए-नए तरीकों के प्रति जागरूक करने करने शुरू किए गए 15 दिवसीय ''सेफ क्लिक 2.0'' विशेष जन जागरूकता अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय के मार्गदर्शन में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत ऑनलाइन ठगी, फर्जी निवेश योजनाएं, डिजिटल अरेस्ट, ओटीपी एवं केवाईसी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग, फिशिंग लिंक, क्यूआर कोड फ्रॉड, साइबर बुलिंग जैसी घटनाओं से बचाव जनता को जागरूक किया जा रहा।

एएसपी शहर आयुष जाखड़, एएसपी ग्रामीण अनु बेनिवाल, एएसपी अपराध जितेन्द्र सिंह, एएसपी जोन-2 सुश्री पल्लवी शुक्ला, एएसपी जोन-4 सुश्री अंजना तिवारी, एएसपी मुख्यालय सूर्यकांत शर्मा, एएसपी यातायात अखिलेश तिवारी के मार्ग निर्देशन में सेफक्लिक 2.0 के तहत बैनर पोस्टर लगाकर, पंपलेट वितरित करते हुये लोगों को एकत्रित कर बताया जा रहा है कि साइबर अपराध वर्तमान समय में आम नागरिकों को प्रभावित करने वाले सबसे तेजी से बढ़ते अपराधों में शामिल हो गए हैं। इसके साथ ही स्कूल एवं कॉलेजों तथा कोचिंग सस्थानों में जाकर विद्यार्थियों व शिक्षकों को गेमिंग, सोशल मीडिया फ्रॉड एवं ब्लैकमेलिंग के प्रति सचेत किया जा रहा है। बाजार एवं सार्वजनिक स्थलों पर व्यापारियों व उपभोक्ताओं को सुरक्षित डिजिटल पेमेंट के तरीके सिखाते हुये सायबर फ्राड के सम्बंध में जागरूक किया जा रहा है। इसके साथ ही साइबर सुरक्षा शपथ कार्यक्रमों का आयोजन कर समझाईश दी जा रही है कि किसी भी अज्ञात लिंक, संदिग्ध संदेश, फर्जी क्यूआर कोड या अनजान कॉल पर भरोसा न करें।

बच्चों को पिलाई गई पोलियो की दवाई

जबलपुर, नवभारत। रेलवे चिकित्सा विभाग, जबलपुर मंडल द्वारा डॉ. अशोक कुमार, प्रमुख मुख्य चिकित्सा निदेशक प्रभारी, पश्चिम मध्य रेल व कमल कुमार तलरेजा, मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर के निर्देशन में व डॉ. शैलेन्द्र दीक्षित, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, जबलपुर, डॉ संदीप कुमार चौहान, मंडल चिकित्सा अधिकारी, जबलपुर के मार्गदर्शन में व डॉ. रम्य एम.एस., सहायक मंडल चिकित्सा अधिकारी, जबलपुर के नेतृत्व में रविवार 28 जून को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक द्वारा प्लेटफार्म नं. 01 रेलवे स्टेशन जबलपुर पर 0- 5 वर्ष तक के बच्चों को पोलियो ड्रॉप्स पिलाकर पल्स पोलियो अभियान का शुभारम्भ किया गया द्व इस दौरान को सहायक नर्सिंग अधिकारी, ललिता लाल तथा किशोर कुमार दावरे स्टेशन डायरेक्टर जबलपुर उपस्थित रहे उक्त अभियान पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर मंडल के मुख्य स्टेशनों जैसे- जबलपुर, मदन महल, सिहोरा, कटनी, सागर, दमोह, ब्योहारी, नरसिहपुर, पिपरिया आदि कुल 46 बूथों पर चलाई गई।

समरसता सेवा संगठन ने चलाया जागरूकता अभियान

नवभारत, जबलपुर। समरसता सेवा संगठन द्वारा विश्व नशा निरोधक एवं मधुमेह जागृति दिवस के अवसर पर 'नशा मुक्त, संतुलित जीवन शैली स्वस्थ जीवन का आधार' विषय पर विचार गोष्ठी और जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। भंवरताल स्थित ब्रह्माकुमारी आश्रम में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. परिमल स्वामी रहे, जबकि अध्यक्षता आश्रम की बीके भावना दीदी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा पांडे, संगठन अध्यक्ष पवन पांडे, सचिव मनोज सेठ और कार्यक्रम प्रभारी डॉ. सुनील मिश्रा उपस्थित रहे। इस विशेष अवसर पर अतिथियों द्वारा संगठन के वर्ष 2026-27 के प्रस्तावित कार्यक्रमों के कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। साथ ही, कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. श्याम रावत को नशा मुक्त अभियान के लिए

सम्मानित किया गया।

वाणी और विचारों की मिठास जरूरी

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं बीके भावना दीदी ने कहा कि नशा और मधुमेह से मुक्ति के लिए ईश्वरीय आराधना, ध्यान और राजयोग महत्वपूर्ण साधन हैं। उन्होंने कहा कि खानपान की जगह हमारी वाणी, कार्यों और विचारों में मिठास होनी चाहिए। मुख्य वक्ता डॉ. परिमल स्वामी ने पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के जरिए मधुमेह के कारण और निवारण बताए। उन्होंने हेल्थ स्पैन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिदिन व्यायाम, टहलने, सही खानपान और मेडिटेशन को अपनाने की सलाह दी। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा पांडे ने शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक ऊर्जा पर जोर देते हुए कहा कि बच्चों को नशे की लत से बचाने के लिए परिवार का माहौल और अच्छे मित्रों का चयन जरूरी है। उन्होंने कहा कि राजयोग के दृढ़ निश्चय से नशे की आदत को बदला जा सकता है। इसी से प्रभावित होकर कार्यक्रम के दौरान कौशिक होरे ने मंच पर ही नशा छोड़ने का संकल्प लिया।

रंगदारी नहीं देने पर युवक को मारा चाकू, बहन को पीटा

जबलपुर। गोरखपुर थाना अंतर्गत बेन मोहल्ला रामपुर में रंगदारी न देने पर बदमाशों ने युवक पर चाकू से हमला कर दिया बीच बचाव करने आई बहन को भी पीटा। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक रविवार को बिज्जू बेन 25 वर्ष निवासी बेन मोहल्ला रामपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई किबीती रात लगभग 11-30 बजे अपने घर जा रहा था बेन मोहल्ला मोड़ मैदान के पास पूर्व से खड़े अंकित, मंगू, अनुराग और मिंटू उसके पास आये अंकित ने चाकू अड़ाया और सभी पैसें की मांग करने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो विवाद करने लगे, मंकू, अनुराग, मिंटू ने हाथ मुक्कों से मारपीट की। अंकित ने चाकू से हमला कर माथा, जांघ कमर में चोट पहुंचा दी, उसकी बहन रोशनी बीच बचाव करने आई तो बहन के साथ भी मारपीट कर रोशनी के सिर, हाथ की अंगुली में चोट पहुँचाये। सभी जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गये।

हाजी रशीद सोनी का निधन

नवभारत, जबलपुर। मंसूराबाद निवासी हाजी रशीद सोनी का रविवार को दु:खद निधन हो गया। उनकी मय्यत रविवार रात 10 बजे उनके निवास मंसूराबाद, मस्जिद अल्फ़ बेग के बाजू से उठाई गई। नमाज़-ए-जनाज़ा मस्जिद अल्फ़ बेग के सामने अदा गई, जिसके बाद मंसूरी कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-ख़ाक किया गया। वह मरहूम पीर मोहम्मद सुनार के बेटे, मरहूम सईद सोनी व वरिष्ठ कॉंग्रेस नेता हाजी कदीर सोनी के भाई और अमीन सोनी व अज़हर सोनी के पिता थे।

Mr. Solar महाकौशल का सबसे भरोसेमंद
कोई झूठा वादा नहीं, सिर्फ सच
सोलर पार्टनर
• कम बिजली बनने पर क्षतिपूर्ति हम करेंगे • विक्रय पश्चात सर्वोत्तम वाशिंग एवं मेंटेनेंस सर्विस
• सबसे तेज सब्सिडी प्रोसेसिंग • सर्टिफाइड प्रोडक्ट
Office : Pls call us on 6267100743, 9644555001
Mr. Solar & Co- 402, 4th Floor, Kaushalya Vihar Apartment, Near Bhanwartal Garden, Napier Town, Jabalpur

GREEN VALLEY PUBLIC SCHOOL
A Residential & Day Boarding School
NURSERY TO CLASS 12th
ADMISSIONS OPEN 2026-27
BIG DREAMS NEED A BIG START
KEY FEATURES
Affiliated to CBSE, Bus Facility, Air Cooled Hostel, Atal Tinkering Lab, Separate Hostel for Girls & Boys, Safe Campus, Large Playground, Healthy Environment, Greenery in Abundance, State of Art Classrooms, Digital Classrooms, CCTV Surveillance
GVPS SHAPE THE LEADERS OF TOMORROW WITH FUTURE-READY FACILITIES
For more Information 9300154300, 9300119919
Raigwan, Next to Bharat Petroleum, Patan Road, Jabalpur

THE BEST CREATIVE LEARNING SCHOOL OF JABALPUR
GOLDEN STAR
SHINE OF LEARNING FUN & CARE
A MONTESSORY SCHOOL
For Details Call 9981997833 9981997834
Play Nursery | Nursery
KG I - KG II | 1st to VIIIth
CBSE PATTERN OF STUDY
AFFILIATED TO MP BOARD
Mrs. Anamika Singhai Founder
81, Ashok Nagar, In front of Jain Mandir, Adhartal, Jabalpur (M.P.) | Ph. No. : 0761-4115332 | E-mail : goldenstar81@gmail.com

यश हायर सेकेण्डरी स्कूल
12वीं पास रोज़गार आधारित डी.फार्मा, बी.फार्मा, एल.एल.बी., बी.ए.,बी.कॉम, कम्प्यूटर जैसे अनेकों कोर्सेज के फार्म भरें। English & Hindi Medium Office- 8 am to 4 pm
Nursery, LKG, UKG- Admission, Book, Uniform Fee
इस वर्ष हमारे 40 बच्चों ने लेपटॉप योजना में पाया 10 लाख का फायदा
नोट- हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चें भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते है। इसलिए हम देते है बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम।
सीधे कक्षा 10वीं, 12वीं एवं कॉलेज प्राइवेट / रेग्यूलर फार्म भरने की सुविधा
अधारताल तिराहा- 9303580611,9131455600 अमखेरा रोड, गोहलपुर-9111009016

होली लाईट चिल्ड्रन्स ऐकेडमी हॉयर सेकेण्डरी स्कूल
Holy Light Children's Academy Higher Secondary School
प्रवेश प्रारम्भ
शासन द्वारा मान्यता प्राप्त (नर्सरी से बारहवीं तक) हिन्दी एवं अग्रेंजी माध्यम
नोट- गरीबी रेखा कार्ड धारकों को फीस में विशेष सुविधा
• अभिभावकों को मोबाईल एप द्वारा विद्यालय की समस्त जानकारी लाईव
• अनुभवी शिक्षक/शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन • स्वस्थ शिक्षा वातावरण
• खेलकूद के लिये मैदान व शाला भवन की स्थाई ईमारत
• विशिष्ट शिक्षण विधियों द्वारा अध्यापन, नैतिक/पारम्परिक संस्कारों से सुसज्जित शिक्षा
• पेंटिंग, ड्राईंग, योग कक्षा, जूड़ों का विशेष प्रशिक्षण, कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
• पिकनिक, आनंद मेला, वार्षिकोत्सव व क्राफ्ट प्रदर्शनी का प्रत्येक वर्ष आयोजन
फेल विद्यार्थी निराश न हो दसवीं, बारहवीं गारण्टी से पास
सभी BA,B.Com., B.Sc.,LLB, B.Ed, M.Ed. हेतु संपर्क करें
Jai Prakash Nagar, Adhartal, Jabalpur (MP) 482004 Mob: 9301646302, 9407059444